BES1-MISC/25.1/103/2022-XXIV-A-1-Basic Education Department

1/230553/2024

संख्या-230553 /XXIV-A-1/2024-39646/2022

प्रेषक,

एम0एम0 सेमवाल,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
एस0सी0ई0आर0टी0, उत्तराखण्ड,
देहरादून।

बेसिक शिक्षा अनुभाग-1 देहरादून : दिनांक 06 अगस्त ~~जुलाई~~, 2024

विषयः द्विवर्षीय डी.एल.एड. प्रशिक्षण 2022-23 हेतु आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा तिथि संशोधन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-शि0शि0/1833-34/दो-I(34)/ 2024-25, दिनांक 05 जुलाई, 2024, का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि द्विवर्षीय डी.एल.एड. प्रशिक्षण 2022-23 हेतु आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा तिथि संशोधन के सम्बन्ध में है।

2- उल्लेखनीय है कि द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित कराये जाने सम्बन्धी शासनादेश संख्या-215366/XXIV-A-1/2024- 39646/2022, दिनांक 04-06-2014 में द्विवर्षीय डी.एल.एड. प्रशिक्षण 2022-23 हेतु आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा हेतु निर्धारित समय सारणी में परीक्षा की तिथि माह नवम्बर, 2024 का तृतीय शनिवार निर्धारित है। उक्त के क्रम में आपके द्वारा अवगत कराया गया है कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा माह नवम्बर, 2024 के तृतीय शनिवार (16 नवम्बर, 2024) को उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य (सिविल) प्रवर अधीनस्थ सेवा मुख्य परीक्षा 2024 का आयोजन प्रस्तावित किया गया है।

3 - अतएव उपरोक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-215366, दिनांक 04-06-2024 में निर्धारित समय सारिणी में द्विवर्षीय डी.एल.एड. प्रशिक्षण 2022-23 प्रवेश परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा तिथि माह नवम्बर, 2024 के तृतीय शनिवार (दिनांक 16-11-2024) के स्थान पर माह नवम्बर, 2024 के अन्तिम शनिवार (दिनांक 30-11-2024) को परीक्षा तिथि संशोधित किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

4- उक्तानुसार शासनादेश संख्या-215366, दिनांक 04-06-2024 को केवल उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय।

भवदीय,

Signed by Madan Mohan Semwal
Date: 06-08-2024 10:47:46

(एम0एम0 सेमवाल)
अपर सचिव।